विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

वर्ष 05 अंक 114
पृष्ठ 12
कोलकाता, गुरुवार
29 दिसंबर 2016
कोलकाता संस्करण
मूल्य 4.00

विरल आचार्य बने रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर 11

नोटबंदी पर राहुल गांधी ने मांगा श्वेतपत्र 2

www.jagran.com

पश्चिम बंगाल • बिहार • झारखंड • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

कदमतला व दक्षिणेश्वर में खुली बंधन बैंक की शाखा

दक्षिणेश्वर में शाखा का उद्घाटन करते आद्यापीठ मंदिर के महाराज मुराल भाई।

जागरण संवाददाता, हावड़ा : बंधन बैंक ने हावड़ा के कदमतला में अपनी 748वीं शाखा खोली। हावड़ा नगर निगम के मेयर रथिन चक्रवर्ती ने इसका उद्घाटन किया। हावड़ा में बैंक की यह 19वीं एवं पश्चिम बंगाल में 330वीं शाखा है। उद्घाटन के मौके पर मेयर रथिन चक्रवर्ती ने कहा कि बंधन बैंक जिस तरह लगातार आगे बढ़ रहा है वह हमारे लिए एक गर्व का विषय है। कदमतला में इसकी शाखा का उद्घाटन कर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। बैंक ने इस दिन दक्षिणेश्वर में एक और शाखा का उद्घाटन किया गया है। आद्यापीठ मंदिर के महाराज मुराल भाई ने शाखा का उद्घाटन किया और तुरंत अपना खाता खोला। इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गुरुवार खुलने जा रही कटवा, बर्दवान शाखा के साथ बंधन बैंक की भारत भर में कुल 750 शाखा हो जाएगी। बैंक के देश भर में कुल 3390 टच प्वाइंट व 750 शाखा, 2371 डीएससी व 269 एटीएम है। देश भर से 97 लाख ग्राहक इससे जुड़े हैं।

> ◆ **आज खुलेगा कटवा में ब्रांच, शाखा की संख्या बढ़कर हो जायेगी 750**